दिन–रविवार दिनांक– 12 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए पांच संसदीय क्षेत्रों समस्तीपुर, उजियारपुर, मुंगेर दरभंगा और बेगूसराय में मतदान कल।
02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम पटना में डाक बंगला चौराहे से उद्योग भवन तक रोड शो करेंगे । भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन के लिए करेंगे अपील।
03. पांचवें और छठे चरण के चुनाव के लिए प्रचार हुआ तेज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव सहित दोनों गठबंधनों के नेता कई चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।
04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्से सहित विभिन्न जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया। कल शाम बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में बारह लोगों की मृत्यु।

---

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत कल राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। इन क्षेत्रों में पंचानवे लाख तिरासी हजार से अधिक मतदाता चार महिला प्रत्याशियों समेत पचपन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस चरण में दो केन्द्रीय मंत्रियों गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय की राजनीतिक किस्मत का फैसला होना है। बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से गिरिराज सिंह का मुकाबला सीपीआई के अवधेश राय से है, जबकि उजियारपुर से नित्यानंद राय की सीधी टक्कर राजद के आलोक मेहता से है। मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह की प्रतिष्ठा भी दाव पर है। उनका मुकाबला राजद की अनिता देवी से है जो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की शांभवी चौधरी और कांग्रेस के सन्नी हजारी आमने–सामने हैं। वहीं, दरभंगा से भाजपा के गोपालजी ठाकुर का सीधा मुकाबला राजद के ललित यादव के साथ है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पटना में रोड शो करेंगे। श्री मोदी पटना साहिब और पाटलिपुत्र से पार्टी उम्मीदवार रामकृपाल यादव के पक्ष में वोट की अपील करेंगे। रोड शो में प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पटना की दोनों लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद और रामकृपाल

यादव साथ रहेंगे। भाजपा नेता नितिन नवीन ने बताया कि प्रधानमंत्री का रोड शो शाम पाँच बजकर तीस मिनट पर डाकबंगला चौराहा से शुरू होगा।

---बाईट---

प्रधानमंत्री पटना में रात्रि विश्राम करेंगे और अगले दिन सोमवार की सुबह पटना साहिब स्थित तख्तश्री हरिमंदिर साहिब में मत्था टेकेंगे। इसके बाद उनका हाजीपुर, सारण और मुजफ्फरपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इधर, प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर राजधानी पटना में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। प्रधानमंत्री के रोड शो के मद्देनजर बेली रोड पर इनकम टैक्स चौराहा से लेकर डाकबंगला, भट्टाचार्य रोड, कदमकुआं, बारी पथ, गांधी मैदान समेत आस–पास के विभिन्न मार्गों पर दोपहर बाद से यातायात का परिचालन बंद कर दिया जायेगा।

---

प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर रेलवे ने पटना जंक्शन से ट्रेनों के परिचालन व्यवस्था में परिवर्तन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दर्जन से अधिक ट्रेनों का ठहराव आज दोपहर दो बजे से रात दस बजे तक पटना जंक्शन पर नहीं होगा। रेलवे ने कहा है कि तेजस राजधानी, सम्पूर्णक्रांति एक्सप्रेस, पटना–वाराणसी–काशी इंटरसिटी ट्रेन समेत पटना जंक्शन से रवाना होने वाली कई ट्रेनों को आज दानापुर स्टेशन से रवाना किया जायेगा। सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे ने पटना जंक्शन के मुख्य भाग में वाहनों की पार्किंग को भी बंद कर दिया है।

---

लोकसभा चुनाव के पांचवें और छठे चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनाव प्रचार में लगे हुये हैं। जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सारण में भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी, और गोपालगंज लोकसभा क्षेत्र में जदयू के आलोक कुमार सुमन के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी हाजीपुर में महागठबंधन प्रत्याशी शिवचंद्र राम के समर्थन में जनसभा करेंगे। इधर, वामपंथी दल सीपीआई, सीपीएम और माले के वरिष्ठ नेता भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए प्रचार में जुटे हुए हैं। निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने–अपने क्षेत्र में लगातार जनसम्पर्क अभियान चला रहे हैं।

---

लोक नायक जय प्रकाश नारायण की धरती सारण लोक सभा सीट पर इस बार रोचक मुकाबला देखने को मिल रहा है। सारण संसदीय सीट पर बीस मई को लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर संसदीय सीटों के साथ वोट डाले जायेंगे। इस बार भी भाजपा के उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी का सीधा मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी से है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

———बाईट———

बिहार में सारण संसदीय सीट पर इस बार दो बडे राजनीतिक दिग्गजों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है। वर्तमान सांसद और भाजपा के प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी की टक्कर फिर से उनके चिरप्रतिद्वंद्वी राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार के साथ है। 2014 में राजीव प्रताप रुडी ने कांटे की टक्कर में इस प्रतिष्ठित सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को और 2019 में एक बड़े अंतर से राज्य के पूर्व मंत्री चंद्रिका राय को पराजित किया था। इस बार श्री रुडी का मुकाबला लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य से है। परिसीमन के बाद 2008 में छपरा से परिवर्तित होकर सारण के रुप में अस्तित्व में आयी इस संसदीय सीट के अंतर्गत छह विधान सभा क्षेत्र हैं । मौजूदा राजनीतिक समीकरण देखें तो मढौरा, गरखा, परसा और सोनपुर के विधान सभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के विधायक हैं वहीं छपरा और अमनौर की दो विधान सभा क्षेत्रों पर भाजपा का कब्जा है। चुनावी सभाओं में श्री रुडी जहां अपने 10 साल के संसदीय कार्यकाल में मोदी सरकार के नेतृत्व में सारण क्षेत्र के लिए किये गये विकास कार्यों और बडे निवेश को गिना रहे हैं वहीं पहली बार चुनावी मैदान में उतरने वाली रोहिणी आचार्य अपने पिता लालू प्रसाद द्वारा पूर्व में सारण में किये गये विकास कार्यों के आधार पर जीत का रास्ता तलाश रही हैं। मुख्य तौर पर कृषि प्रधान सारण क्षेत्र एक समय अपने बडे चीनी मिलों के लिए प्रसिद्ध था जिनके बंद होने पर किसानों की स्थिति पर प्रभाव पड़ा है। मढौरा क्षेत्र का मार्टेन चाकलेट अपने समय में मिठास और स्वाद को लेकर विश्व प्रसिद्ध था लेकिन अब पूरा इलाका बुनियादी विकास की कमी , पलायन और बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहा है।

धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना

———————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद संसदीय क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इस चरण के लिए नामांकन की आखिरी तारीख चौदह मई है। पन्द्रह मई को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। वहीं, प्रत्याशी सत्रह मई तक नामांकन वापस ले सकेंगे। मतदान एक जून को होगा।

———————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों सहित विभिन्न जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान सुपौल, अररिया, मधेपुरा, सहरसा और कटिहार जिले के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना बनी हुयी है।

———बाईट———

इधर, मधुबनी जिले में विभिन्न स्थानों पर आज सुबह से तेज बारिश हो रही है। हो रही बारिश से शहर में जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। शहर के कई मोहल्लों के घरों में बारिश का पानी प्रवेश कर गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों गया, जहानाबाद, नवादा, शेखपुरा, अरवल, भोजपुर, रोहतास

और जमुई जिले में भी कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुयी है। नवादा में कई जगहों पर ओलावृष्टि होने से फसलों को काफी क्षति हुई है। बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में बारह लोगों की मौत हो गयी। पटना के बिक्रमगंज में छह, गया में तीन, औरंगाबाद, बक्सर और जहानाबाद में एक–एक व्यक्ति की मौत हुई है। बक्सर में ठनका की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गयी।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा–एसटीईटी का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि एसटीईटी दो हजार चौबीस के पेपर–वन के विभिन्न विषयों की परीक्षा अठारह से उनतीस मई तक और पेपर–टू की ग्यारह से बीस जून तक दो पालियों में होगी।

---

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम के कपाट आज सुबह छह बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बद्रीनाथ मंदिर को फूलों से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए प्रशासनिक स्तर पर विशेष इंतजाम किये गये हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही सभी चारों धाम अब श्रद्धालुओं के लिये खुल गये हैं।

---

पटना में खेली जा रही बिहार राज्य महिला शतरंज प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर की मरियम फातिमा पांच अंक हासिल कर शीर्ष स्थान पर है। वहीं, दूसरे स्थान पर चार दशमलव पांच अंकों के साथ गया की परी सिन्हा हैं।

---

पूर्णियां में सम्पन्न बीसीए सीनियर पुरूष क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में पूर्णियां ने अररिया को पराजित किया। पूर्णियां की टीम अपने पूल में शीर्ष पर है। वहीं, कटिहार दूसरे जबकि मधेपुरा तीसरे स्थान पर रहा।

---

आईपीएल क्रिकेट में, कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को अठारह रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की टीम ने सात विकेट पर एक सौ सत्तावन रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुये मुंबई की टीम आठ विकेट के नुकसान पर एक सौ उनतालीस रन ही बना सकी।

आईपीए क्रिकेट में आज चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। मैच दोपहर साढ़े तीन बजे से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला

जायेगा। वहीं, दूसरे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला शाम साढ़े सात बजे बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा–भाजपा की मंशा एक देश एक नेता।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री के पटना में रोड शो की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– पीएम का आज राजधानी में दो किलोमीटर लम्बा रोड शो। नीतीश होगें शामिल।

दैनिक भास्कर ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण से जुड़ी खबर को अपनी पहली लीड बनाते हुये लिखा है–उत्तर में भाजपा, पश्चिम में विपक्ष को राहत, दक्षिण में कड़ी टक्कर। अखबार लिखता है–तेरह मई को आंध्र–तेलंगाना की सभी सीटों पर वोटिंग, बाईस राज्य–केन्द्रशासित क्षेत्रों की तीन सौ उनासी सीटों पर वोटिंग पूरी होगी।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– हमने राज्य में डर के माहौल को किया खत्म।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए पांच संसदीय क्षेत्रों समस्तीपुर, उजियारपुर, मुंगेर दरभंगा और बेगूसराय में मतदान कल।
02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम पटना में डाक बंगला चौराहे से उद्योग भवन तक रोड शो करेंगे । भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन के लिए करेंगे अपील।
03. पांचवें और छठे चरण के चुनाव के लिए प्रचार हुआ तेज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव सहित दोनों गठबंधनों के नेता कई चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।
04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्से सहित विभिन्न जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया। कल शाम बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में बारह लोगों की मृत्यु।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।